## प्रादर्श प्रश्न पत्र –I

## कक्षा – दसवीं विषय हिन्दी

समय – 03 घण्टे | विषय कोड – 001 | पूर्णांक – 75

**सामान्य निर्देश –**

1. सभी प्रश्न हल कीजिए –
2. प्रश्न के सही उत्तर लिखने पर निर्धारित अंक प्रश्न के साथ दिये गये हैं। प्रश्न हल करने में लगने वाले संभावित समय भी प्रश्न के साथ दिये गये हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 01 वस्तुनिष्ठ है । 15 अंक 20 मिनट।
4. प्रश्न क्रमांक 02 से 06 तक प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए। 10 अंक 25 मिनट।
5. प्रश्न क्रमांक 07 से 10 तक के उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए। 12 अंक 24 मिनट।
6. प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 20 अंक 40 मिनट।
7. प्रश्न क्रमांक 16 पत्र लेखन तथा प्रश्न क्रमांक 17 अपठित गद्यांश से संबंधित हैं। 10 अंक 30 मिनट।
8. प्रश्न क्रमांक 18 निबंध लेखन से संबंधित है। उत्तर लगभग 250 से 300 शब्दों में लिखिए। 08 अंक 41 मिनट।
9. प्रश्न क्रमांक 11 से प्रश्न क्रमांक 16 तक आंतरिक विकल्प का प्रावधान है।

.......................................................

**अंकों का योग – 75 अंक**

**समय का योग – 180 मिनट= 03 घण्टे**

प्रश्न –01 (अ) नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 01 अंक निर्धारित है। (1मिनटx 5 =5मिनट) 1x5=05 अंक

1. प्रगतिवाद के प्रमुख कवि हैं –
   (अ) जयशंकर प्रसाद (स) नरोत्तम दास
   (ब) केदारनाथ अग्रवाल (द) महादेवी वर्मा
2. 'मैं मजदूर हूँ' निबंध की शैली है –
   (अ) आत्मकथात्मक शैली (स) गवेषणात्मक शैली
   (ब) भावात्मक शैली (द) विचारात्मक शैली
3. महादेवी वर्मा की किस कृति को 'मंगला प्रसाद' सम्मान से सम्मानित किया गया –
   (अ) दीपशिखा (स) सांध्य गीत
   (ब) यामा (द) नीरजा
4. शहीद वीर नारायण सिंह कितने वर्ष की अवस्था में जमींदार बनें –
   (अ) 34 वर्ष की अवस्था में (स) 36 वर्ष की अवस्था में
   (ब) 35 वर्ष की अवस्था में (द) 37 वर्ष की अवस्था में
5. सी कुमार के पिता को बीमारी थी –
   (अ) पीलिया (स) लकवा
   (ब) हैजा (द) मधुमेह

(ब) खाली स्थान भरकर वाक्य पूरा कीजिए एवं पूर्ण वाक्य अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 01 अंक निर्धारित है।(1.5मिनटx 5 =7.5मिनट) 1x5=05 अंक

1. ''एक था पेड़, एक था ठूँठ'' पाठ में जीवन की जड़ता की तुलना .................. से की गई है।
2. 'प्राण पखेरु उड़ना' मुहावरे का अर्थ ........................... है।
3. ''चन्द्रगहना' से लौटती बेर'' कविता में प्राकृतिक दृश्यों का ........................... हुआ है।
4. दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से बना नया शब्द .............. शब्द कहलाता है।
5. जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित महाकाव्य का नाम ................................ है।

(स) नीचे दिये गये स्तंभ 'अ' के कथनों के साथ स्तंभ 'ब' के कथनों का उचित संबंध बनाकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक उचित संबंध पर 01 अंक निर्धारित है।

(1.5मिनटx 5 =7.5मिनट) 1x5=05 अंक

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. नीलकंठ | सतीश जायसवाल |
| 2. गृह प्रवेश | यौवन का |
| 3. काम करनेवाला | बहुब्रीहि समास |
| 4. तरूदल | कमइया |
| 5. निर्झर में गति है – | वृक्षों का समूह |

प्रश्न –02 'घीसा' नामक पाठ गद्य की किस विधा से संबंधित है? (5मिनट) 02 अंक

प्रश्न –03 माई का बगिया क्या है? नर्मदा का उद्‌गम अमरकंटक पाठ के आधार पर बताइए। (5मिनट) 02 अंक

प्रश्न –04 'सीता गीत गाती है।' वाक्य में कौन सी शब्द शक्ति है? (5मिनट) 02 अंक

प्रश्न –05 ''गृह प्रवेश'' कविता में कवि ने अतिथि और चिड़ियों के बीच कुछ समानताएँ बताई है। कोई एक समानता लिखिए। (5मिनट) 02 अंक

प्रश्न –06 कृष्ण भक्ति शाखा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। (5मिनट) 02 अंक

प्रश्न –07 अनेक कारणों से शहीद वीर नारायण सिंह लोकप्रिय रहे। उनकी लोकप्रियता के किन्हीं तीन कारणों को लिखिए। (6मिनट) 03 अंक

प्रश्न –08 'माटी वाली' कहानी के अंत में लोग अपने घरों को छोड़कर क्यों जाने लगे थे? (6मिनट) 03 अंक

प्रश्न –09 'गोधूलि' (लघुकथा) पाठ में गार्ट्‌स बी को कैसे विश्वास हुआ कि युवक सच बोल रहा है? (6मिनट) 03 अंक

प्रश्न –10 छायावाद के तीन कवि और उनकी एक–एक रचना (किताब) के नाम लिखिए? (6मिनट) 03 अंक

प्रश्न –11 निम्नलिखित पद्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए। (8मिनट) 04 अंक

ऋतु बसंत का सुप्रभात था
मंद–मंद था अनिल बह रहा
बालारूण की मृदु किरणें थी
अगल–बगल स्वर्णिम शिखर थे।

अथवा

समतल देशों से आ–आकर
पावस की ऊमस से आकुल
तिक्त–मधुर बिसतंतु खोजते
हंसों को तिरते देखा है।

प्रश्न –12 निर्माण के प्रति मजदूर की निरंतर प्रतिबद्धता किन–किन बातों से जाहिर होती है?
(8मिनट) 04 अंक

अथवा

मजदूर नहीं होते तो हमारी दुनिया के विकास कार्यों का क्या होता? 'मैं मजदूर हूँ' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

प्रश्न –13 'मैं लेखक कैसे बना' पाठ में अंग्रेजों के दावत पर आने से पहले बाबा ने कौन सी तस्वीर हटा दी? क्यो?
(8मिनट) 04 अंक

अथवा

'मैं लेखक कैसे बना' पाठ में पाठ के लेखक ने श्री घनश्यामदास का एक रेखाचित्र अपने शब्दों में खींचा है। आप भी किसी परिचित व्यक्ति के बारे में अपने शब्दों में रेखाचित्र खींचिए।

प्रश्न –14 ''एक था पेड़, एक था ठूँठ'', पाठ में आज की परिस्थितियों में एक आदर्श व्यक्ति के जीवन की विशेषताएँ बताई गई है। कोई चार विशेषताएँ लिखिए?
(8मिनट) 04 अंक

अथवा

'एक था पेड़ और एक था ठूँठ' पाठ पढ़कर आपने क्या सीखा? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

प्रश्न –15 मीरा के पद में 'राम रतन धन' को जनम–जनम की पूंजी कहने का आशय क्या है? लिखिए।
(8मिनट) 04 अंक

अथवा

'भाई रे ऐसा पंथ हमारा' पद में संत कवि दादू दयाल ने अपने पंथ की कौन–कौन सी विशेषताएँ बतलाई हैं? लिखिए।

प्रश्न –16 आपका नाम अंकुर तिवारी है तथा आप शंकर नगर रायपुर के रहनेवाले हैं। बिलासपुर से लौटते समय आपका बैग कहीं गुम गया जिसमें महत्वपूर्ण सामान थे। कुछ दिनों पश्चात् जी–3 / 27 कबीरधाम निवासी शैलजा साव द्वारा भेजा गया एक पार्सल प्राप्त

हुआ। पार्सल खोलने पर उसमें आपका गुमा हुआ बैग सामान सहित मिला। इसके लिए आप शैलजा साव को धन्यवाद पत्र लिखिए। (15मिनट) 1+1+2+1 =05 अंक

अथवा

आपका नाम आकाश कुमार वर्मा है। आप 15/8, आजाद नगर, रायपुर, में रहते हैं। 15 जून 2017 को इंटरसिटी सुपरफास्ट ट्रेन से बिलासपुर से लौटते समय आपका बैग कहीं खो गया है जिसमें आपके महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। सहायता हेतु पुलिस अधीक्षक, जी. आर. पी., रायपुर को इस घटना के बारे में सूचित करते हुए एक पत्र लिखिए।

प्रश्न –17 'वास्तव में देखा जाये तो प्लास्टिक अपने उत्पादन से लेकर डिस्पोजल तक सभी अवस्थाओं में पर्यावरण और समूचे पारिस्थितिक तंत्र के लिए खतरनाक है। इसका निर्माण पेट्रोलियम से प्राप्त रसायनों से होता है अतः पर्यावरणविदों का मानना है कि यह उत्पादन अवस्था में ही ऊर्जा के पारंपरिक अनवीकरण स्रोतों को क्षय करता है। इससे निकलनेवाली जहरीली गैसें स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। प्लास्टिक को अपघटित होने में 5 सौ वर्ष लग जाते हैं। यह मिट्टी को प्रदूषित करता है और सतही जल को बेकार करता है। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अनुपयोगी प्लास्टिक के पुनः उपयोग (चक्रण) की तकनीक का विकास किया जाना चाहिए। जिससे उसका पुनः प्रयोग किया जा सके। उदाहरणार्थ, बेकार प्लास्टिक का 75% हिस्सा सस्ती चप्पलें बनाने में किया जा रहा है।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –(15मिनट) 1+2+2 = 05 अंक

1. गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
2. प्लास्टिक को लेकर पर्यावरणविदों की क्या मान्यता है?
3. प्लास्टिक के कचरे का इस्तेमाल किस वस्तु की निर्माण में किया जाता है।

प्रश्न –18 निम्न में से किसी एक विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए –

1. अवसरों का उपयोग हम कैसे करें (41 मिनट) 2+4+2 = 08 अंक
2. वन रहेंगे, तो हम रहेंगे
3. गर्मी के दिनों में पेयजल संकट
4. स्वच्छता स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।
5. मोबाईल क्रांति

## प्रादर्श प्रश्न पत्र –II

## कक्षा – दसवीं विषय हिन्दी

**समय – 03 घण्टे** **विषय कोड – 001** **पूर्णांक – 75**

प्रश्न –01 (अ) नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 01 अंक निर्धारित है। (1मिनटx 5 =5मिनट) 1x5=05 अंक

1. नर्मदा कुण्ड से लगभग 6 कि.मी. दूरी पर तपोभूमि है –

   (अ) बाल्मीकि ऋषि का (स) कपिल ऋषि का

   (ब) अगस्त ऋषि का (द) दुर्वासा ऋषि का

2. कुरूक्षेत्र महाकाव्य के रचियता हैं –

   (अ) गजानन माधव मुक्तिबोध (स) महादेवी वर्मा

   (ब) नागार्जुन (द) रामधारी सिंह दिनकर

3. पाठ 'माटीवाली' गद्य की कौन सी विधा है –

   (अ) निबंध (स) जीवनी

   (ब) कहानी (द) रेखाचित्र

4. व्यक्ति के एकाकीपन की संवेदना को व्यक्त करनेवाली कविता है –

   (अ) कन्यादान (स) गृह प्रवेश

   (ब) साध (द) जीवन का झरना

5. 'मैली चादर ओढ़ के कैसे द्वार तिहारे आऊँ' पद में रस है –

   (अ) करूण रस (स) उद्‌भुत रस

   (ब) शांत रस (द) श्रृँगार रस

(ब) खाली स्थान भरकर वाक्य पूरा कीजिए एवं पूर्ण वाक्य अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 01 अंक निर्धारित है। (1.5मिनटx 5 =7.5मिनट)1x5=05 अंक

1. सोननदी के उद्‌गम स्थान का नाम ............................... है।
2. जीवनबद्ध श्रमशक्ति की इकाई ........................................ है।
3. कवयित्री महादेवी वर्मा की सेविका का नाम ................................ था।
4. शहीद वीरनारायण सिंह ने ........................ नाम के व्यापारी के अन्न भंडार के अन्न को गरीबों को वितरित कर दिया था।
5. डॉ. परदेशी राम वर्मा द्वारा लिखित पुस्तक ........................ को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा माधवराव सप्रे सम्मान प्राप्त हुआ था।

(स) नीचे दिये गये स्तंभ 'अ' के कथनों के साथ स्तंभ 'ब' के कथनों का उचित संबंध बनाकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक उचित संबंध पर 01 अंक निर्धारित है।

(1.5मिनटx 5 =7.5मिनट)1x5=05 अंक

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. गुरु साहब | हरियाली |
| 2. गेड़ी | बलिदान करना |
| 3. 'तरणि, तनुजा, तट तमाल | ज्ञानोदय |
| 4. प्राणों की आहुति देना | घीसा |
| 5. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर | अनुप्रास अलंकार |

प्रश्न –02 कवि ने बादल को घिरते हुए कहाँ देखा? लिखिए। (5मिनट) 02 अंक

प्रश्न –03 'पीतांबर' में कौन सा समास है? (5मिनट) 02 अंक

प्रश्न –04 पुरस्कार कहानी की नायिका मधुलिका के पिता का नाम क्या था? (5मिनट) 02 अंक

प्रश्न –05 तुरतुरिया नामक स्थान क्यों प्रसिद्ध है? (5मिनट) 02 अंक

प्रश्न –06 द्विवेदी युग के प्रवर्तक साहित्यकार का नाम बताइए। (5मिनट) 02 अंक

प्रश्न –07 माटीवाली का एक रोटी छिपा लेना उसकी किस मनःस्थिति की ओर संकेत करता है? (6मिनट) 03 अंक

प्रश्न –08 'गृह प्रवेश' के कवि चिड़ियों को बुलाने के लिए कौन–कौन से उपाय करता है? दो उपाय लिखिए। (6मिनट) 03 अंक 1½+1½ = 03 अंक

प्रश्न –09 लेखक बनने के लिए शरत बाबू ने 'मैं लेखक कैस बना' पाठ के लेखक को कुछ सुझाव दिये थे, इनमें से कोई तीन सुझाव लिखिए। (6मिनट) 03 अंक 1+1+1 = 03 अंक

प्रश्न –10 'सगुण भक्ति शाखा' के किन्हीं तीन कवियों के नाम और उनकी एक–एक रचना का नाम लिखिए। (6मिनट) 03 अंक ½x6= 03 अंक

प्रश्न –11 'चन्द्रगहना' कविता में प्रेम की प्रिय भूमि को अधिक उपजाऊ क्यों बताया गया है? (8मिनट) 04 अंक

**अथवा**

'चन्द्रगहना से लौटती बेर' कविता में बगुला के चरित्र का वर्णन किया गया है। समाज में भी बगुला चरित्र के व्यक्ति पाये जाते हैं। ऐसे लोगों से समाज को क्या नुकसान होता है? समझाइए।

प्रश्न –12 कवि रामधारी सिंह दिनकर ने गिट्टी तोड़नेवालो और खेतों में काम करनेवालों को देवता क्यों कहा है? अपने विचार लिखिए। (8मिनट) 04 अंक

**अथवा**

'जनतंत्र का जन्म' कविता से आपने क्या सीखा, क्या जाना? अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न –13 'जिनगी फेर चमक जाय' कविता के निम्न पक्तियों के भाव स्पष्ट कीजिए –

(8मिनट) 04 अंक

झन बैर भाव खेती म कर,
मन के भुसभुस निकार फेंकौ।
हाँसौ–गोठियावौ जुरमिल के,
सुन्ता के रद्दा झन छेकौ।

**अथवा**

'जुग तोर बाट ल जोहत हे,
पल, छिन, दिन माला पोहत हे,
अमृत बन चुहे पसीना, तोर –
मेहनत दुनिया ला मोहत हे।'

प्रश्न –14 'जीवन का झरना' कविता में मानव का मृत हो जाना क्यों और कब बताया गया है? उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (8मिनट) 04 अंक 2+2= 04 अंक

**अथवा**

'जीवन का झरना' कविता में कहा गया है – 'मर जाना है, रुक जाना ही', इस पंक्ति का आशय बताइए।

प्रश्न –15 'जिनकी नौकरी छूट चुकी हो, उसके लिए नौ रूपये नौ सौ रूपये से कम नहीं होते' लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा? उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (8मिनट) 04 अंक

**अथवा**

'जेबकतरा' पाठ में जेबकतरे ने लिखा है – 'माँ तो सबकी एक जैसी होती है। वह क्यों भूखी रहेगी?' इस वाक्य में निहित मानवीय संवेदनाओं को अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न –16 आपका नाम दीपक सिंह ठाकुर है तथा आप शा0 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेड़ेसरा, जिला –राजनांदगांव में कक्षा 12वीं गणित संकाय में अध्ययनरत है। अपने पालक की आर्थिक कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए अपने विद्यालय के प्राचार्य को निर्धन छात्र निधि से आर्थिक सहायता हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए।

(15मिनट) 1+1+2+2 =05 अंक

**अथवा**

आपका नाम अनिशा कश्यप है। आप शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी में कक्षा 10वी 'अ' की छात्रा हैं तथा संस्था के छात्रावास के कक्ष क्रमांक – 5 में रहती हैं। छात्रावास को स्वच्छ बनाये रखने के लिए आप क्या–क्या प्रयास करती हैं? अपने प्रयासों को अभियान का रूप देने के

लिए आपको छात्रावास अधीक्षक की सहायता व सहमति चाहिए। अपने छात्रावास अधीक्षक को इस आशय का एक आवेदन पत्र लिखिए।

प्रश्न –17 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"अपने व्यापक अर्थ में संविधान किसी राष्ट्र के उद्देश्यों व आधारभूत मूल्यों को निरूपित करता है। समाज के लोग मिलकर क्या करना चाहते हैं, वे क्यों एक साथ रहना चाहते हैं और उनके द्वारा बनाये गये राज्य को किन मूल्यों को लेकर चलना है – यह सब संविधान में अंकित होता है। उदाहरण के लिए, भारत के संविधान की उद्देशिका में कहा गया है कि हमारा लक्ष्य सबके लिए समता, न्याय, स्वतंत्रता और भाईचारा सुनिश्चित करना है – इसके लिए हमने ऐसे राज्य का गठन किया है जो लोकतांत्रिक हो, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी हो और किसी प्रकार के निर्णय लेने के लिए किसी बाहरी ताकत पर निर्भर न हो।" (15मिनट) 1+2+2 =05 अंक

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. संविधान अपने व्यापक अर्थ में क्या करता है?
3. भारतीय संविधान की उद्देशिका में क्या कहा गया है?

प्रश्न –18 निम्न में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए – (41मिनट) 2+4+2 =08 अंक

1. संचार क्रांति और मोबाईल
2. स्वच्छता का जीवन में महत्व
3. योगा का वैश्विक प्रभाव
4. कम्प्यूटर क्रांति
5. जीवन में खेलों का महत्व